हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 13 जून 2024



04 जल है तो कल है इसे बचाने के लिए हमें जल ...



07 जल संवर्धन अभियान के तहत तालाब की हुई साफई



## खबर संक्षेप में

### मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त तक प्रतिबंधित

**नलखेड़ा।** मत्स्य प्रजनन काल को देखते हुए जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट प्रतिबंधित रहेगा। सहायक संचालक मत्स्योद्योग आगर ने बताया कि छोटे तालाब अथवा अन्य स्त्रोत जिनका कोई संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें विनिर्दिष्ट जल की परिभाषा में नहीं लिया गया है, को छोड़कर अन्य समस्त जलाशयों व नदियों में मत्स्याखेट पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। प्रतिबंध अवधि में मत्स्याखेट, मत्स्य परिवह अथवा क्रय-विक्रय करते पाये जाने पर 5 हजार रुपए का जुर्माना या एक वर्ष की सजा अथवा दोनों से दंडित किये जाने का प्रावधान अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

### शासकीय आईटीआई सुसनेर में ऑनलाइन प्रवेश 20 तक

**नलखेड़ा।** तकनीकी एवं कौशल विभाग द्वारा संचालित शासकीय आईटीआई सुसनेर के प्रभारी प्राचार्य ने बताया कि संस्था में प्रवेश सत्र 2024-25 के लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 20 जून है। रजिस्ट्रेशन एमपी ऑनलाइन के माध्यम से या वैबसाइट के माध्यम से या फिर संस्था में उपस्थित होकर हेल्प डेस्क के माध्यम से भी करवा सकते हैं।

### वन विभाग ने अवैध लकड़ी परिवहन करने पर ट्रैक्टर-टॉली जब्त की

**नलखेड़ा।** वन मंडलाधिकारी शाजापुर मंयक चांदीवाल, एसडीओ जामसिंह मुवेल के मार्गदर्शन एवं लक्ष्मीनारायण चौधरी वन परिक्षेत्र अधिकारी आगर के निर्देशन में बीट बापचा अंतर्गत ग्राम महुडिया से देव गुराडिया मार्ग पर 11 जून को महिन्द्रा लाल कलर का ट्रैक्टर-ट्रॉली से खैर की लकड़ी का अवैध परिवहन करने पर जब्त किया है। जब्ती के दौरान आरोपी दानिस पिता वहीद खां निवासी लसुल्डिया केलवा तहसील नलखेड़ा जिला आगर मालवा के विरूद्ध अवैध रूप से काष्ट का परिवहन करने पर मप्र वनोपज व्यापार विनि.अधि. 1969 की धारा 2, 5, 15, 16 का उल्लंघन के तहत प्रकरण पंजीबद्व किया गया। कार्रवाई में लाखनसिंह उप वनक्षेत्रपाल, नरेन्द्र सक्सेना वनरक्षक, पदम परमार वनरक्षक, राकेश कुम्भकार वनरक्षक की सराहनीय भूमिका रही।

### फीस की जानकारी 24 तक अपलोड करें

**सीहोर।** लोक शिक्षण संचालनालय ने फीस संरचना की जानकारी अपलोड करने की तिथि बढ़ा दी है। अब निजी स्कूल 24 जून तक फीस संरचना की जानकारी अपलोड करना होगी। बता दें कि पूर्व में लोक शिक्षण संचालनालय ने प्राइवेट स्कूलों को पोर्टल पर फीस संबंधी जानकारी अपलोड करने के लिए अंतिम तिथि 8 जून निर्धारित की थी। लेकिन कई स्कूलों ने फीस संरचना की जानकारी अपलोड नहीं की है। ऐसे में इन स्कूलों को अब 24 जून तक का समय दिया गया है।

### नगर में गत एक पखवाड़े में कई लोगों के पास वाट्सएप कॉल पहुंचे

# साइबर ठगी के बढ़ रहे मामले: झूठे वाट्सएप कॉल से नागरिक हो रहे हैं ठगी के शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा




नगर में लोगों के पास झूठे वाट्सएप कॉल आ रहे हैं, जो अपनी बातों में फंसा कर उनसे ऑनलाइन पेमेंट डलवा कर ठगी का शिकार बना रहे हैं। नगर में गत एक पखवाड़े में कई लोगों के पास वाट्सएप कॉल पहुंचे हैं। जिसमें कॉल करने वाले उनके लड़के, परिजन का अपहरण, बलात्कार करने जैसे झांसे देकर उन्हें भयभीत कर तत्काल ऑनलाइन पेमेंट डालने का बोल रहे हैं। ऐसे वाट्सएप कॉल से भयभीत हो नगर के एक युवक द्वारा 80 हजार रुपये ऑनलाइन डाल भी दिए गए हैं।

युवक को एक वाट्सएप कॉल आया जिसमें पुलिस की वर्दी व टोपी लगाए एक शख्स का फोटो प्रोफ़ाइल में लगा हुआ था। कॉल करने वाले ने बताया कि तुम्हारे लड़के का अपहरण हो गया है और उसकी जान बचाना चाहते हो तो अभी 80 हजार रुपये ट्रांसफर कर दो। कॉल करने वाले शख्स द्वारा उधर से एक आवाज भी युवक को सुनवाई जिसमें एक बालक बोल रहा था कि पापा मुझे बचा लो, ये लोग मुझे मार देंगे, आप इन्हें पैसे डाल दो। युवक द्वारा अपने रिश्तेदारों से पैसे का इंतजाम कर संबंधित को 80 हजार रुपये भी डाल दिये। कुछ समय बाद फिर वाट्सएप कॉल आया और अब उसके द्वारा 3 लाख 20 हजार रुपये की मांग की गई। जिसे सुनकर युवक अपने होश खो बैठा। उसी समय युवक की पत्नी ने फोन लेकर बात करना चाही और तेज आवाज में बोली तो संबंधित ने फोन काट दिया। उसके बाद उस नंबर पर फोन ही नहीं लगा। तब परिजनों द्वारा बालक के मोबाइल नंबर पर फोन लगाया तो वह सकुशल था और उसने उसके साथ किसी भी प्रकार की घटना होने से इंकार किया। तब युवक को पता चला कि वह तो झूठे फोन कॉल से ठगी का शिकार हो गया।

इसी प्रकार नगर के एक व्यापारी के पास उसके बालक के अपहरण होने का वाट्सएप कॉल आया लेकिन व्यापारी ने समझदारी दिखाते हुए उससे बात की तो उसने फोन काट दिया। अगले ही दिन उस व्यापारी की पत्नी के पास इसी प्रकार का वाट्सएप फोन आया जब महिला तैश में आकर बात करने लगी तो फोन काट दिया गया। इसी प्रकार एक हेयर सैलून संचालक के पास फोन आया की उसके बेटे ने बलात्कार किया है और यदि उसे बचाना चाहते हो तो तत्काल रुपये ट्रांसफर करो, जब हेयर सैलून संचालक द्वारा फोन पे नंबर मांगा तो संबंधित द्वारा फोन काट दिया गया।

### फर्जी स्क्रीन शॉट से भी हो चुके ठगी के शिकार

नगर में कई व्यापारी फर्जी स्क्रीन शॉट से भी ठगी के शिकार हो चुके हैं। एक मेडिकल संचालक को ठग द्वारा दवाइयों का एक पर्चा वाट्सएप कर उसकी कीमत पूछी गई। मेडिकल संचालक द्वारा दवाइयों की कीमत लगभग 1800 रुपये बताई गई तो संबंधित द्वारा राशि फोन पे करने का बोला और किसी लड़के को दवाई लेने भेजने का बोला। कुछ समय बाद मेडिकल संचालक को संबंधित द्वारा फोन कर बताया कि उसके द्वारा गलती से 1800 के स्थान पर 18 हजार रुपये डल गए हैं उसका स्क्रीन शॉट आपको भेजा है, कृपया मेरे शेष पैसे मुझे वापस डाल दो। इसके साथ ही संबंधित द्वारा एक फर्जी मैसेज बनाकर भी भेज दिया गया। थोड़े थोड़े अंतराल में एक दो बार फोन लगाने पर मेडिकल संचालक जोकि ग्राहकी करने में व्यस्त थे अपने कर्मचारी से स्क्रीन शॉट देख कर शेष राशि फोन पे करने का बोल दिया। शाम को जब ग्राहकी से फुरसत हुए तब मेडिकल संचालक द्वारा अपने बैंक खाते को चैक किया गया तो 18 हजार रुपये प्राप्त होना ही नहीं पाया। जब संबंधित को फोन लगाकर राशि नहीं आने का बोला तो उसके द्वारा दोबारा स्क्रीन शॉट भेज दिया गया। यहां तक की निकाली गई दवाई भी कोई लेने नही आया। इस प्रकार के फर्जी मैसेज के माध्यम से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में कई लोग ठगी के शिकार बन चुके हैं।

#### पुलिस को सूचना दें

नागरिकों से अपील है कि ऐसे भ्रामक फर्जी फोन कॉल को रिसीव करने से बचें, घबराए नहीं उसकी जांच करें और पुलिस को तत्काल सूचना दें।

**देवनारायण यादव,** एसडीओपी सुसनेर-नलखेड़ा

# तेजी से बन रही अवैध कॉलोनियां, कार्रवाई नहीं

### अधिकारी बोले, नियमानुसार होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरकार कितने ही सख्त कानून बना दे, अवैध धंधे वाले कोई चिंता नहीं करते हैं और वे बेखोफ होकर अपना कार्य करते रहते हैं जिसके चलते शासकीय मिशनरी भी शंका के घेरे में आ जाती है। मामला नगर में तेजी से बन रही अवैध कॉलोनियां का है। सरकार ऐसी अवैध कॉलोनियों के खिलाफ जितने अधिक सख्त कानून बना रही है नगर में उतनी अधिक अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं।

### ठगा महसूस कर रहे

कोई भी व्यक्ति हो महंगाई के इस जमाने में अपने जीवन में बस एक बार अपने सपनों का घर बना पाता है। जिसमें वह अपने जीवन भर में कमाई गई पूंजी लगा देता है। लेकिन वह व्यक्ति लोक लुभावन आकर्षक पोस्टरों जिसमें लिखा रहता है कि सर्वसुविधायुक्त, मुख्य सड़क से नजदीक, पूर्ण रूप से वैध के चक्कर में पड़ कर अवैध कॉलोनियों में अपनी जमा पूंजी लगाकर स्वयं को ठगा हुआ महसूस करता है। जब वह अपने प्लॉट पर अपना आशियाना बना लेता है तब उसे सड़क, नाली, बिजली व पानी की आवश्यकता महसूस होती है लेकिन उन अवैध कॉलोनियों में उक्त कोई सुविधा नहीं होती है। तब कॉलोनाइजर बोलता है जो कुछ दिन, कुछ दिन का बोलकर उसे टालता रहता है। यहां आकर उसे ज्ञात होता है कि वह तो ठगा गया है और दलाल व भूमाफिया के चंगुल में फंसकर अपनी जिंदगी भर की कमाई लुटा चुका है।

उक्त हकीकत नगर में काटी जा रही या कट चुकी दो दर्जन से अधिक अवैध कॉलोनियों की है, जिनके खिलाफ प्रशासन द्वारा आज तक कोई कार्यवाही नहीं की है। इसी के चलते भूमाफियाओं के हौसले बुलंदियों पर हैं। जिन्हें देखकर शासकीय मशीनरी के प्रति भी आशंका पैदा होती है कि कहीं इनकी भी मिलीभगत तो नहीं है। आश्चर्य तब होता है जब अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्यवाही के अधिकार प्राप्त अधिकारियों के कार्यालयों के आसपास ही ऐसी एक दर्जन अवैध कॉलोनियां कट रही हो और अधिकारी आंखे मूंदे बैठे हो। शासन द्वारा कॉलोनी के लिए कई प्रकार के नियम बनाए गए हैं। टीएनसी से लेकर रैरा में पंजीयन, कॉलोनी के समुचित विकास से लेकर उसकी सुरक्षा तक की जिम्मेदारी कॉलोनाइजर की होती है।

#### कार्रवाई करेंगे

नगर में अवैध रूप से कॉलोनी काटे जाने के मामले में पटवारी से जांच करवाई जा रही है। अभी तक 12 कॉलोनी की जांच पटवारी द्वारा की जा चुकी है, शेष की जांच की जा रही है। ऐसी सभी कॉलोनी जो अवैध रूप से विकसित की गई हैं, उन सभी के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**मिलिंद ढ़ोके,** एसडीएम सुसनेर-नलखेड़ा

### बाइक को टक्कर मारकर पलटी कार, महिला समेत 3 घायल, एक गंभीर

**सीहोर।** इछावर थाना क्षेत्र के भाऊखेड़ी जोड़ के पास सोमवार शाम कार और बाइक की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। हादसे के बाद कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में महिला समेत तीन लोग घायल हुए हैं। घायल बाइक सवार की हालत गंभीर बताई जा रही है। सोमवार शाम करीब 5.30 बजे भाऊखेड़ी जोड़ के पास इछावर से सीहोर की ओर आ रही एक कार सामने से आ रही एक बाइक से टकरा गई। इसके बाद कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। पुलिस ने बताया कि कार सवार ललित वर्मा इछावर के आमला नोआबाद का रहने वाला है। जबकि बाइक चालक रेहटी के रामेश्वर वर्मा गंभीर रूप से घायल है। इनके साथ एक महिला भी चोट आई है। सभी का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

### 14 तक करा लें आधार में संशोधन

**सीहोर।** अगर आपने अपने पुराने आधार कार्ड को अपडेट नहीं कराया है तो यह खबर आपके काम की है। आधार कार्ड को फ्री में अपडेट करवाने की आखिरी तारीख 14 जून है। इसके बाद 50 रुपए का शुल्क अदा करने के बाद ही आधार कार्ड में संशोधन किया जा सकेगा। नाम में बदलाव के लिए सरकार की ओर से जारी फोटो पहचान पत्र अनिवार्य है।

## कुशलपुरा में हनुमान मंदिर पर हुआ झंडा सम्मेलन



**नलखेड़ा।** तहसील के ग्राम कुशलपुरा में झंडा सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें 120 ग्रामों की झंडा मंडलियां शामिल हुईं। ग्राम कुशलपुरा में नवयुवक मंडल द्वारा झंडा सम्मेलन का आयोजन किया गया। झंडा सम्मेलन में 120 ग्रामों की झंडा मंडली शामिल हुई। झंडा मंडलियों द्वारा भजन गाते हुवे ग्राम का भ्रमण किया गया। उसके पश्च्यात हनुमान मंदिर पर बनाये गए मंच से प्रत्येक मंडली द्वारा एक एक भजन की प्रस्तुति दी गई। इन भजनों पर उपस्थित भक्त रात भर थिरकते रहे। इस अवसर पर हनुमान मंदिर एवं आयोजन स्थल को आकर्षक विद्युत सज्ज़ा से सजाया गया था।

# विहिप बजरंग दल ने की गोवंश तस्करी रोकने की मांग, सीएम के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा




**सीहोर।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल ने गोवंश तस्करी रोकने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। वहीं विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने चेतावनी दी कि यदि गो तस्करों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं की जाती है तो विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल अपने तरीके से गो तस्करों ने निपटेगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला प्रचार प्रसार प्रमुख आलेख राज राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। बजरंग दल कार्यकर्ता नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट में पहुंचे। कार्यकर्ता पदाधिकारियों ने गोवंश तस्करी रोकने व गोवंश हत्या बंद करने सहित 19 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। इस मौके पर बड़ी संख्या में विहिप और बजरंग दल और क्षेत्रवासी मौजूद थे। विश्व हिन्दू परिषद के देशी गो वंश संवर्धन परिषद के प्रान्त उपाध्यक्ष अजीत शुक्ला, विभाग से मोहन भाटी, जिला अध्यक्ष जगदीश कुशवाह, उपाध्यक्ष पं. मोहित राम पाठक, मंत्री राकेश विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष महेश मेवाड़ा, वीएचपी गौ रक्षा प्रमुख जितेंद्र नरोलिया, बजरंग दल गौ रक्षा प्रमुख राजू मीना, अखाड़ा प्रमुख अनिरुद्ध प्रताप सिंह चौहान नगर अध्यक्ष परमवीर जाट, उपाध्यक्ष आशीष कुशवाह, मंत्री यहेश शेव, एवं प्रखण्ड और इकाई के समस्त कार्यकर्ता तथा गौशाला संचालक, गौसेवकों, साधू संतों की उपस्थिति मे ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में कहा गया है कि आपके द्वारा गोरक्षा संवाद पर गोशालाओं को दान की राशि बढ़ाई यह वर्ष गोरक्षा संकल्प वर्ष मनाने का निर्णय कर गोमाता (गोवंश) की रक्षा के संकल्पित हैं इसका विहिप गोरक्षा विभाग स्वागत करता है। किन्तु गोरक्षा संकल्प के सरकार मंशा के विपरित गोवंश तस्करी तेज गति से बड़ी और गोतस्कर निडर होकर बड़ी संख्या में गोवंश तस्करी कर रहे हैं। ज्ञात हो पिपल्यामण्डी 47 ट्रक गोवंश बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस के सहयोग से जप्त किया। सम्पूर्ण मध्यप्रदेश से गोवंश की तस्करी कर गोवंश को महाराष्ट्र, बंगाल ले जा रहे किसानों के नाम मांस व्यापारी गाडोल्या लोहार, भोलेभाले आदिवादियों को चंद रूपये देकर तस्करी कराते हैं।

## पीजी कोर्स: रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 15 से, सीटों का आवंटन 29 जून को

### काउंसिलिंग का संशोधित शेड्यूल जारी

भूमि न्यूज ⏭ सीहोर

प्रदेश के सरकारी व निजी कॉलेजों में पीजी कोर्स में प्रवेश के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने काउंसिलिंग का संशोधित शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके तहत अब दूसरे चरण की काउंसलिंग में रजिस्ट्रेशन विद्यार्थी 15 जून से करा सकेंगे।

रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 22 जून है। जबकि ऑनलाइन दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया 16 जून से शुरू होगी और यह 24 जून तक चलेगी। दूसरे चरण की काउंसिलिंग में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सीटों का आवंटन 29 जून को किया जाएगा। उच्च शिक्षा विभाग ने काउंसिलिंग का रीशेड्यूल इसलिए जारी किया है, क्योंकि पहले चरण की पीजी की सीटों का आवंटन 7 दिन देरी से शुरू हुआ था।

इसकी वजह पीजी में प्रवेश के लिए नई शिक्षा नीति के तहत नियमों का निर्धारण करने में देरी हुई थी। अब यूजी के मेजर विषय में ही दो वर्षीय पीजी में प्रवेश दिए जाने का नियम हटा दिया गया है। पहले चरण में पीजी सीटों का आवंटन 5 जून को किया गया था। ऐसे विद्यार्थियों को प्रवेश पक्का कराने के लिए 12 जून तक प्रवेश शुल्क जमा करना होगा।

### ग्रामीणों ने समझाकर जनसुनवाई में कलेक्ट्रेट भेजा

# जमीन के लिए धबोटी में पेड़ पर बैठा किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भूखा प्यास किसान मंगलवार को घंटों तक पेड़ पर बैठा रहा। हैरान परेशान किसान ने अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज कराया। ग्रामीणों ने बमुश्किल पेड़ पर बैठे किसान को समझा बुझाकर कलेक्ट्रेट जनसुनवाई के लिए सीहोर भेजा। किसान की कब्जे वाली भूमि पर सीहोर के दंबग ने जबरन कब्जा कर लिया है। किसान लम्बे समय से कृषि भूमि पर कब्जा दर्ज करने की मांग कर रहा है लेकिन राजस्व विभाग किसान की मांग को पूरा नहीं कर रहा है।

कलेक्ट्रेट पहुंचे ग्राम धबोटी के किसान बाबूलाल पुत्र सुंदर लाल प्रजापति ने बताया की ग्राम धबोटी तह. सीहोर की भूमि खसरा नम्बर 63 रकबा 6.70 हेक्टेयर में से 0.809 हेक्टेयर 2 एकड कृषि भूमि पर कब्जा कर उसका परिवार 1980 से लगातार कृषि कार्य कर रहा था। इस भूमि पर काबिज होकर भूमि हीन की श्रेणी में राजस्व विभाग में नाम दर्ज था परिवार के द्वारा राजस्व शुल्क भी जमा किया जा रहा था, लेकिन वर्ष 2018 में पिता सुंदर लाल की मृत्यु के बाद तत्कालीन पटवारी ने सीहोर के एडवोकेट से सांठगांठ कर कब्जेदार किसान का नाम कटवा दिया।

इस भूमि पर अब एडवोकेट ने कब्जा कर लिया है और अवैधानिक रूप से टीनशेड सहित ट्यूवेल खनन भी करा लिया है। जबकी हकदार गरीब किसान दर दर की ठोकरे खा रहा है। पीड़ित किसान ने कई बार तहसील कार्यालय में आवेदन दिया है लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है।

किसान बाबूलाल ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच किए जाने और कृषि भूमि पर कब्जा दर्ज कर जुर्माना नोटिस कर एडवोकेट का कब्जा हटवाकर कृषि भूमि दिलाए जाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

## गुढ़भेला में 3.5 लाख रुपए की चोरी : रात में गोदाम में रखा डीजे का सामान चुरा ले गए चोर



**सीहोर।** जिले की ग्राम पंचायत गुड़भेला में एक गोदाम में रखा डीजे का लाखों रुपए का सामान चोरी हो गया( जब इसकी सूचना गोदाम मालिक को लगी तो उन्होंने आस पास छानबीन की। इसके बाद पास के एक खेत में बने कुएं में सामान पड़ा मिला। वहीं, चोरों का कुछ पता नहीं चल पाया है।

जानकारी के अनुसार, गुढ़भेला के पिंटू वर्मा डीजे का काम करते हैं, उनका पूरा डीजे का सामान गोदाम में रखा रहता है। गोदाम गांव के हनुमान मंदिर के पास है। पिंटू वर्मा का कहना है कि मैं 9 जून रविवार को गांव के खाती धर्मशाला में कार्यक्रम में करीब 8:30 बजे गोदाम से गया हुआ था और उसके बाद मंगलवार की सुबह जब उसके बड़े भाई सतीश वर्मा गए तो उन्होंने देखा कि गोदाम से मशीन गायब है। इसकी सूचना उन्होंने पिंटू वर्मा को दी, जिसके बाद पिंटू गोदाम पहुंचे।

गोदाम से डीजे का सामान स्टूडियो मास्टर 5000 एप्लस, वीपी एक्स 5000, 9900 ए प्लस, दो मशीन, पियानो 700 वार्ड टोटल पांच मशीन गोडाउन से चोरी हुई थी जो लगभग 3.50 लाख तक का सामान था। सूचना मिलने पर पिंटू वर्मा और ग्रामीणों ने मिलकर छानबीन शुरू कर दी। छानबीन के दौरान ग्रामीणों को पिंटू वर्मा के गोदाम के पीछे खेतों में खाली पड़े हुए कुएं में सभी मशीनें सुरक्षित मिल गई, लेकिन चोरों का कुछ पता नहीं चल सका।

## खबर संक्षेप

### डिम्पल शर्मा हिन्दी गौरव सम्मान से सम्मानित



**देवास।** मां शारदा ज्योतिष अनुसंधान संस्था का 33 वां अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिष एवं वास्तु महासम्मेलन 9-10 जून को होटल रॉयल पैलेस उज्जैन रोड पर टैरो कार्ड रीडर एवं वास्तुविद डिम्पल शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। सम्मेलन में आयोजक पं. दिनेश गुरूजी, धर्मगुरु एचएस रावत, मानवेन्द्र सिंह रावत, अजय भांभी, पूर्व राज्य मंत्री योगेन्द्र महंत, अनिल वत्स, पं. जयप्रकाश लाल धागे वाले, पं. घनश्याम द्विवेदी ने सम्मेलन अध्यक्ष डिम्पल शर्मा को हिंदी गौरव सम्मान से सम्मानित किया। मंच संचालक हिरेन्द्र शुक्ला, गौरव तिवारी, अजय शास्त्री, भागवताचार्य अरविंद सागर ने शर्मा को बधाई दी।

### स्वाति ज्योतिष व वास्तु महासम्मेलन में हुई सम्मानित



**देवास।** मां शारदा ज्योतिषधाम अनुसंधान संस्थानम इंदौर के तत्वधान में अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष एवम वास्तु महासम्मेलन उज्जैन रोड स्थित रॉयल पैलेस पर संपन्न हुआ। महासम्मेलन में हस्तरेखा विशेषज्ञ स्वाति श्रीवास्तव टॉप टेन ज्योतिष वास्तु में सम्मानित हुई। श्रीवास्तव के देश-विदेश में हजारों अनुयायी उनसे ज्योतिष परामर्श लेकर लाभान्वित हो रहे हैं।

### जनसहयोग से हो रहा जल संरक्षण का कार्य

**देवास।** जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान₹ के तहत नदी, नालों और ऐतिहासिक एवं पारम्परिक जल संरचनाओं, तालाब, झील, कुंआ, बावड़ी आदि के संरक्षण, पुनर्जीवन के लिए सम्पूर्ण जिले में अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत कन्नौद जनपद पंचायत के ग्राम बामनी बुजुर्ग में तालाब की साफ-सफाई कर गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही तालाबों, कुओं एवं बावड़ियों से गाद, गंदगी निकालकर साफ-सफाई की जा रही है।

### पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री ने बागली में जल गंगा संवर्धन अभियान में की सहभागिता

# जल है तो कल है इसे बचाने के लिए हमें जल संरचनाओं को पुर्नजीवित करने के प्रयास करना होंगे: मंत्री पटेल





**मंत्री पटेल ने कहा कि "जल गंगा संवर्धन अभियान" 05 जून से प्रारंभ हुआ था जो कि 16 जून गंगा दशहरा तक चलेगा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद पटेल ने जटाशंकर स्थल में आयोजित "जल गंगा संवर्धन अभियान" में सहभागिता की। मंत्री प्रहलाद पटेल ने जटाशंकर महादेव मंदिर में पूजा अर्चन की तथा प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना है। उन्होंने जटाशंकर क्षेत्र एवं कुंड की साफ-सफाई की। इसके पश्चात मंत्री पटेल ने ग्राम पंचायत बरझाई में कालीसिंध नदी उद्गम स्थल पर पौधारोपण किया। इस अवसर पर हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला भेरूलाल अटारिया, बागली नप अध्यक्ष सीमा कमल यादव, राजीव खंडेलवाल, सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति, एसडीएम बागली आनंद मालवीय, ग्राम पंचायत सरपंच, अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कार्यक्रम में मंत्री प्रहलाद पटेल ने जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि आज मेरे लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है कि मैं भगवान जटायू की तपोभूमि पर आया हूं। पानी की बूंदें आज भी लगातार गिरती हैं। मन को बड़ी प्रसन्ता हुई। उन्होंने कहा कि हमें अपने पर्यावरण को भी इसी प्रकार संभालकर रखना है। मंत्री पटेल ने कहा कि "जल गंगा संवर्धन अभियान" 05 जून से प्रारंभ हुआ था जो कि 16 जून गंगा दशहरा तक चलेगा। पटेल ने कहा कि देश में आज जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है लेकिन पानी हमारे पास उतना ही है। आजादी के समय देश की आबादी 40 करोड़ थी जो वर्तमान में बढ़कर 142 करोड़ के लगभग हो गई है, लेकिन पानी उतना ही है। भारत सरकार ने प्रति व्यक्ति को 55 लीटर पानी देने का फैसला किया, लेकिन हम पानी को बना नहीं सकते हैं। पानी ऊपर से गिरेगा और धरती माता में जाएगा तभी हमें पानी मिलेगा। बारिश के पानी और अन्य जल स्त्रोतों के पानी को संरक्षण किए बिना हम पानी को सहजकर नहीं रख सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया हैं कि जो बांध, तालाब सिंचाई के लिए बनाए जाते हैं, उनका पानी पीने योग्य






कैसे बनाए। पानी शुद्ध, साफ-स्वच्छ एवं निर्मल होना चाहिए। उन्होंने कहा पानी कोई नहीं दे सकता है, पानी धरती माता ही दे सकते है। लेकिन पानी आसमान से गिर धरती पर आएगा पर हमें उसे संभालकर उसका संरक्षण करना होगा।

इसके लिए हमें कार्य करना होगा। जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण के लिए चलाया जा रहा है। हमें अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा और इनका संरक्षण करना होगा तभी हम अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए कुछ करके जाएंगे। मंत्री पटेल ने कहा कि हमारे पूर्वज बहुत ही समझदार और भविष्य को देखकर ही काम करते थे। उन्होंने आने वाली पीढ़ी के लिए पहले से ही कुएं, बावड़ियि, कुंडों, तालाब, झीलों एवं घाटों को निर्माण करवाया और हम लोगों को सौगात के रूप में देकर गए। हमें जो सौगात देकर गए हैं, उनको हमें अब संरक्षित करना है, जिससे हमारी आने वाली पीढ़ी को पर्याप्त मात्रा में जल मिल सकें। उन्होंने कहा कि पेड़ तो हम सभी लगाते हैं, लेकिन उनका संरक्षण कोई नहीं करता है। अगर हम पेड़ों का संरक्षण अच्छे से कर लें तो निश्चित ही हमारा वातावरण तो अच्छा होगा, साथ ही संरचनाओं में पानी भी रहेगा। मंत्री पटेल ने कहा कि मैंने भी तय किया कि मैं नदियों के उद्गम स्थल तक जाउंगा। मैं लगातार उद्गम स्थल पर जा रहा हूं। आज बागली की ग्राम पंचायत जटाशंकर में आया हूं। बड़ा ही अच्छा लग रहा है कि भगवान जटायू की तपोभूमि हैं, जहां जल की धारा लगातार बह रही है। मेरा सभी से आग्रह है कि जल गंगा संवर्धन अभियान में बढ़चढ़कर सहभागिता करके ज्यादा से ज्यादा जल संरक्षण का कार्य करें। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें। वृक्षारोपण के साथ ही उनकी देखभाल भी करें। उन्होंने कहा कि वृक्ष होंगे तो जल होगा, जल होगा तो हमारा जीवन चलेगा। यह नारा नहीं है सच्चाई है। जल ही जीवन है इसलिए आने वाली पीढ़ी को ध्यान में रखते हुए ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें। उन्होंने कहा कि हम अक्सर लालच में आ जाते है और अपने खेतों में लगे पेड़-पौधों को काटकर वहां या तो निर्माण कर लेते हैं या फिर खेती प्रारंभ कर देते हैं। हमें खेतों, आंगनों में लगे पेड़-पौधों को संरक्षित करना ही है साथ ही दूसरे पौधों को बड़ा करना है। वृक्ष हमें छाया ही नहीं देते, हमें जीवनदायनी ऑक्सीजन और पीने के लिए पानी भी देते हैं। मंत्री पटेल ने कहा कि मैं आज सभी बुजुर्गों एवं मातृ शक्तियों से आग्रह करता हूं कि अपने बच्चों को बताएं कि वे अपने जल स्त्रोतों नदी, तालाब, कुएं बावड़ियों को संरक्षित रखें। उन्होंने कहा कि नदी हमें पानी ही नहीं देती है, नदी हमारी संस्कृति का आधार हैं। हम नदियों को इसलिए ही पूजते हैं। हम नदी को संरक्षित करके रखेंगे तो हमारी संस्कृति भी संरक्षित रहेगी और हमें हमेशा शुद्ध पेयजल भी मिलता रहेगा। कार्यक्रम में हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से हम जल का संरक्षण कर सकते हैं। हमें जल संरक्षण के लिए के साथ-साथ सघन वृक्षारोपण करना है तथा उनका भी संरक्षण करना है। उन्होंने कहा कि पानी की समस्याएं हमारी माता-बहनें अच्छे से समझ सकती है। उन्हें पानी की कीमत मालूम है। क्योंकि वे अक्सर दूर दराज के कुएं-बावड़ी एवं तालाबों से अपने सिर पर रखकर लाती है। इसलिए हमें अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए जल स्त्रोतों का संरक्षण करना है और वृक्षारोपण कर पर्यावरण को भी संतुलित करना है।

कार्यक्रम में सीईओ जिला पंचायत हिमांशु प्रजापति ने जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्दृेश्य जिले में स्थित विभिन्न जल स्त्रोतों नदी, तालाब, कुंआ, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों एवं संरचनओं का संरक्षण व पुर्नजीवन करना है। जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी और बताया कि जिले में जिले में 196 पुराने तालाब, 105 स्टॉप डेम, 172 कुएं-बावड़ियां व अन्य जल स्त्रोतों पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देवास जिले में रूफ हॉर्वेस्टिंग सिस्टम के माध्यम से लगभग 250 स्थानों पर बारिश के पानी के संग्रहण के लिए कार्य किया जा रहे हैं। नर्मदा नदी के साथ ही क्षिप्रा, कालीसिंध सहित अन्य नदियों को शुद्ध बनाने का कार्य इस अभियान के माध्यम से किया जाएगा। पूरे कार्यक्रम में भाजपा संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता आपसी मनमुटाव देखने को मिला। जटाशंकर में आयोजित कार्यक्रम में मंच पर बैठने वालों की सूची में नगर परिषद बागली अध्यक्ष का नाम तक नहीं था,कहां जा रहा है कि संगठन के किसी व्यक्ति ने नाम कटवाया। वहीं बरझाई में हुए कार्यक्रम में भी संगठन का व्यक्ति नजर नहीं आया ,इसे स्पष्ट होता है कि बागली मंडल में संगठन का अंतर्कलह बढ़ता जा रहा हैं।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन अनुसार व प्रधान जिला न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास मधुसूदन मिश्र के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास में विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को मीठा तालाब के पास स्थित बस्ती में शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में न्यायाधीश प्रियांशु पाण्डे ने बताया कि बच्चों के शैक्षणिक, स्वास्थ एवं अन्य कानूनी अधिकारों से संबंधित विषयों पर यह शिविर आयोजित किया है, जिसमें बालको के विकास के लिए बाल श्रम कराना कानूनन अपराध है। अतः बाल श्रम करता हुआ अगर कोई बालक पाया जाता है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवास, महिला बाल विकास, श्रम विभाग के माध्यम से सहायता प्राप्त कर बाल श्रम से बचाया जा सकता है। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी रॉबिन दयाल ने बालकों की मैत्रीपूर्ण योजना एवं पॉक्सो एक्ट से संबंधित जानकारी दी व श्रम निरीक्षक जसपाल सिंह जग्गी ने श्रम विभाग संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में पैरालीगल वालेंटियर कृपाली राणा, आस सामाजिक संस्था से अपूर्व त्रिवेदी एवं सहयोगी सरिता राजपूत व राजेश पटेल, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नाले की सफाई में निकाली गई छह डंपर गाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




बारिश के मौसम को देखते हुए नगर निगम ने शहर के नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ किया है। नालों की सफाई होने से वार्डों में जलजमाव की स्थिति निर्मित नहीं होगी। जहां पानी की निकासी अवरूद्ध है, वहां भी कार्य किए जा रहे हैं। बड़ी मात्रा में नालों की गाद साफ की जा रही है। इसके लिए जेसीबी, पोकलेन मशीन का सहारा लिया जा रहा है। बुधवार को वार्ड क्रमांक दो स्थित संत रविदास नगर के नाले की सफाई का कार्य प्रारंभ हुआ। संत रविदास नगर, तुलजा विहार कॉलोनी, बिलावली मंदिर के समीप तक नाले की सफाई की जाएगी। पहले दिन यहां जेसीबी व पोकलेन मशीन के माध्यम से नाले की गाद निकाली गई। इस दौरान छह से अधिक डंपर गाद निकाली गई। गाद को डंपर के माध्यम से कचरा संग्रहण स्थल पर पहुंचाया गया। नाले की गाद हटाने से पानी का प्रवाह तेज हो गया। स्थानीय रहवासियों ने बताया, कि बारिश के दिनों में अब जल जमाव की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि गत दिवस विधायक गायत्री राजे पवार ने भी नगर निगम में बैठक लेकर शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए थे। महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने बताया बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए शहर के नालों की सफाई कार्य प्रारंभ किया है। नालों के साथ ही सभी वार्डों में स्थित नालियों की सफाई भी नियमित रूप से की जा रही है। हमने विशेष रूप से जल जमाव वाले स्थानों को चिन्हित कर निकासी के लिए दिशा-निर्देश अधिकारियों को दिए। रात्रि में स्वीप मशीन के माध्यम से शहर के प्रमुख मार्गों के आसपास सफाई प्रारंभ करवाई जा रही है।

### आचार संहिता के बाद पुनः प्रारंभ हुई महापौर जनसुनवाई

# महापौर ने समस्याओं को सुन निराकरण के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



लोकसभा चुनाव की आचार संहिता समाप्त होने के पश्चात बुधवार को नगर निगम में पुनः महापौर जनसुनवाई प्रारंभ हुई। जनसुनवाई में महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल ने आवेदकों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। महापौर जनसुनवाई में मुख्य रूप से सफाई व्यवस्था, जल जमाव सहित अन्य समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन आए। महापौर अग्रवाल ने आवेदकों के समक्ष ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। आवेदनों का हाथोंहाथ निराकरण हुआ, जिससे आवेदक संतुष्ट नजर आए। महापौर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा, कि बारिश का मौसम आ चुका है। सफाई व्यवस्था पर ध्यान रखा जाए, साथ ही कहीं पर भी जल जमाव की स्थिति निर्मित ना हो। इस अवसर पर महापौर अग्रवाल के द्वारा विधायक व महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, पार्षद राहुल दायमा, पार्षद प्रतिनिधि रूपेश वर्मा, निगम उपायुक्त देवबाला पिपलोनिया के साथ नगर निगम से संबंधित 2 खाद्य एवं अखाद्य लाइसेंस का वितरण भी व्यापारियों को किया गया। जनसुनवाई मेंप्रभारी कार्यपालन यंत्री इंदुप्रभा भारती, सहायक यंत्री जगदीश वर्मा, सौरभ त्रिपाठी, लेखा अधिकारी दिलीप गर्ग, स्वास्थ्य अधिकारी जितेंद्र सिसौदिया, कार्यालय अधीक्षक अशोक देशमुख, उपयंत्री दिलीप मालवीया, स्वास्थ्य निरीक्षक हरेंद्रसिंह ठाकुर सहित अन्य निगम अधिकारी उपस्थित रहे।

## वेतन नहीं मिलने पर स्वास्थ्य कर्मचारियों ने सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला अस्पताल में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारियों व अधिकारियों का मई माह का वेतन अभी तक नहीं मिला है। जिसके कारण बुधवार को स्वास्थ्य कर्मचारियों ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय पहुंचकर डॉ. शिवेन्द्र मिश्रा को कार्यालय में बुधवार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान बताया गया कि नियमित मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों का मई माह का वेतन आज दिनांक तक नहीं मिला है। जिसके कारण उन्हें वित्तीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। राजेश दुबे जिला अध्यक्ष न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ मप्र ने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारियों का माह मई का वेतन आज 12 जून हो गई है। अभी तक आहरण नहीं हुआ है। यहां लेखाधिकारी से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा की सीएमएचओ की आईडी नहीं बन रही है। यहां आकर बात की गई तो कहा गया कि ट्रेजरी वाली मेडम आईडी एप्रोच नहीं कर रही है। सीएमएचओ शिवेन्द्र मिश्रा ने बताया कि चुकी अभी सीएमएचओ का प्रभार नया हुआ है। साइनिंग अथारिटी होती है वह ट्रेजरी से होती है। हम लोगों ने पुरी प्रोसेस कर दी है। जैसे ही ट्रेजरी से यस होगा इनकी सैलेरी आ जाएगी। एक माह का वेतन है। मुश्किल से एक दो दिन में इनकी सभी सैलेरी आ जाएगी। इस दौरान मुकेश उपाध्याय, अश्विन सूर्यवंशी , संजय जेठवा, योगेंद्र चंदेल, प्रतिभा सिसोदिया, शोभा चौहान, उमा मौर्य, अनिल परमार, अजय पांडे, वरुण पंडित आदि उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

## सेना के जवान सोहेल का किया स्वागत



**आष्टा।** नगर का निवासी सोहेल उर्फ राजा मंसूरी गरीब परिवार मे पला बढ़ा हुआ माता पिता ने संघर्ष कर अपने पुत्र को पढ़ाया लिखाया। सोहेल मंसूरी का सपना था कि वो एक दिन देश की सेवा करे। और सेना मे भर्ती हो। इसको लेकर सोहेल ने कई महीनो रातदिन मेहनत करी। यही नही प्रतिदिन कई किलोमीटर दौड़ करता रहा। जिसका परिणाम यह आया कि सोहेल मंसूरी का अग्निवीर मे चयन हो गया। 6 माह की टेaनिंग पूरी होने के बाद जैसे ही नगर मे प्रवेश किया। सभी लोगो ने उसका तहेदिल से अभिनंदन कर स्वागत किया। नगर के अलीपुर चौपाटी से देशभक्ति के गीत जुलूस प्रारंभ हुआ जो अलीपुर क्षेत्र से होता हुआ डोराबाद पीली खदान उसके निवास स्थान पहुचा। इस बीच कई लोगो ने पटाखे एवं पुष्पमालाओ से स्वागत किया। सोहैल मंसूरी का अग्निवीर मे चयन होने पर समाज मे गर्व महसूस हुआ। सोहेल के पिता सलीम मंसूरी एक माध्यम परिवार के है एवं पेशे से वो ड्राईवर है। माता इसलाम बी गृहिणी है। सोहेल की पढाई लिखाई में माता पिता ने दिन रात एक करा। और अपने पुत्र को इस मुकाम तक पहुचाया । सोहैल की इस सफलता का श्रेय उसके मामू मेहबूब सेवदा को भी जाता है। जिन्होने उनके भांजे सोहेल का काफी सहयोग किया। सोहले का साफा पहनाकर सम्मान किया गया। वही उनको मिठाई खिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष इदरीस मंसूरी मोहम्मद सादिक, इस्त्राईल मंसूरी सलीम मंसूरी,मेहबूब मंसूरी सेवदा,अनीस मंसूरी,रसूल मंसूरी,शफीक कबाड़ी,नसीब मंसूरी,आरिफ मंसूरी,समीर मंसूरी,हुकुम प्रजापति, जाकिर मंसूरी, लतीब मंसूरी आदी लोगो ने स्वागत किया।

### सीमांकन रोकने के लिए ग्रामिणों ने खुदकुशी करने की कोशिश

# गैस प्लांट भूमि अधिग्रहण का हो रहा विरोध

# बिना किसी नपती के लौटा राजस्व अमला

### ग्रामीण महिलाओं ने पेड पर रस्सी बांधकर फांसी का फंदा लगाकर किया विरोध।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

सीहोर जिले के आष्टा क्षेत्र में बनने बाले देश के सबसे बड़े एथेन क्रैकर प्लांट के लिए जमीन की सीमांकन चल रहा है। ग्रामीणों ने दूसरे दिन भी यानि मंगलवार को सीमांकन का विरोध किया। कुछ किसान और महिलाएं फांसी लगाने पहुंच गए। उन्होंने पेड़ पर रस्सी बांधकर फांसी का फंदा लगा लिया। यह देख राजस्व विभाग का अमला बिना नपती किए लौट गया। टीम जिस सरकारी गाड़ी में आई थी उसे भी खेतों में छोड़ गई। बागेर क्षेत्र में सरकारी जमीन की नपती के बाद राजस्व विभाग की टीम शाम करीब 4 बजे ग्राम खानदौरापुर (भंवरी) पहुंची। यहां किसानों की जमीन की नपती शुरू की। इस पर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया। करीब एक घंटे तक लोगों से चर्चा चलती रही।

### विरोध में फांसी लगाने लगे किसान

सीमांकन का विरोध कर रहे लोगों ने कहा कि हम अपनी जमीन नहीं देंगे। नायब तहसीलदार मुकेश सांवले ने लोगों को समझाया कि आपको जो समस्या है उसे लिखकर दीजिए हम समाधान कराएंगे। दोनों पक्षों में करीब एक घंटे तक चर्चा हुई। ग्रामीण खेतों की नपती का विरोध करते रहे। विरोध के बीच तीन-चार किसान और कुछ महिलाएं नीम के पेड़ पर फांसी लगाने लगे। उन्होंने रस्सी का फंदा बनाकर गले में डाल लिया। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें पकड़ा। यह स्थिति बनने पर राजस्व विभाग का अमला और पुलिस टीम वहां से चली गई। टीम जिन सरकारी गाड़ियों में आई थी, उनमें दो गाड़ियां भी वहीं छोड़ गई।

### आधा घंटे बाद पहुंचे पुलिसकर्मी

ग्रामीणों के विराध और लोगों के फांसी लगाने के प्रयास को देखकर नायब तहसीलदार, पुलिस व राजस्व विभाग की





टीम शाम 5:15 बजे खेतों से चली गई। इसके करीब आधा घंटे बाद शाम करीब 5:45 बजे पांच पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। उन्होंने खेतों में बैठे लोगों से चर्चा की।

### हमसे चर्चा किए बिना छीन रहे जमीन

विरोध करने वाले लोग खेत में लगे पेड़ के नीचे बैठे हैं। उनका कहना है कि हमारा विरोध सिर्फ यही है कि हमसे चर्चा किए बिना हमारी, आजीविका हमारे खेत छीने जा रहे हैं। हम ऐसा नहीं होने देंगे। ग्रामीणों का कहना है कि हम तहसील से लेकर एसडीएम और कलेक्टर को आवेदन दे चुके हैं। कहीं सुनवाई नहीं हो रही है। आष्टा एसडीओपी आकाश अमलकर ने कहा कि लोगों के विरोध को देखते हुए अफसर एक तरफ चले गए थे। मैं कुछ देर में मौके पर पहुंच रहा हूं। लोगों से चर्चा करूंगा।

### एक दिन पहले भी किया था विरोध

इसके पहले सोमवार को भी ग्रामीणों ने तहसीलदार को घेरकर विरोध जताया था। जब तहसीलदार ने उनसे कहा कि सिर्फ सरकारी जमीन का सीमांकन कर रहे हैं तो विरोध कर रहे लोग वहां से चले गए थे।

### 1200 एकड़ सरकारी व 800 एकड़ निजी जमीन चिह्नित

आष्टा जनपद में आने वाले ग्राम बागेर, अरनिया दाऊद, बापचा दौनिया, भंवरी, गुराडिया रूपचंद पंचायत के आसपास के क्षेत्र में करीब दो हजार एकड़ में प्लांट लगाने की प्रक्रिया प्रसाशन ने शुरू कर दी है। इसके लिए करीब 1200 एकड़ सरकारी और 800 एकड़ निजी जमीन को चिह्नित किया गया है। गेल इंडिया लिमिटेड के इस प्लांट के कारण क्षेत्र में 60 हजार करोड़ का निवेश होगा। पिछले सप्ताह ही मध्यप्रदेश सरकार ने इसे मंजूरी दी है। इस प्रोजेक्ट में ग्रीन फील्ड पैट्रोकैमिकल परिसर भी प्रस्तावित है। इसका भूमिपूजन अगले साल फरवरी में और 2030-31 तक उत्पादन शुरू होने की संभावना है।

## जल संवर्धन अभियान के तहत तालाब की हुई साफई

### हरियाली बढाने लगाए पौधे



**आष्टा।** नगर में स्थित कमल तालाब की हुई साफ-सफाई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

राज्य में जल स्त्रोतों के संवर्धन और संरक्षण को ध्यान में रखकर विश्व पर्यावरण दिवस पर जल गंगा संवर्धन अभियान 5 जून से प्रारंभ होकर संपूर्ण प्रदेश सहित नगर में चलाया जा रहा है, जो निरंतर 16 जून तक चलेगा। इसका समापन गंगा दशहरा पर संपन्न होगा। इस आशय की जानकारी जल-गंगा संवर्धन व संरक्षण अभियान के तहत नगर की धरोहर कमल तालाब पर चलाए गए साफ-सफाई अभियान के दौरान नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने दी।

### सभी लोग हों एकजुट

नपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने कहा कि जल, पृथ्वी, पर्वत, नदी, पेड़-पौधों में जीवंतता है और वे हमारे लिए पूज्यनीय हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सभी लोग एकजुट होकर जितना हो सके जल का संरक्षण एवं संवर्धन अवश्य करें और अपनी भावी पीढ़ी को विशेष उपहार दें, जिससे उन्हें जल संकट का सामना न करना पड़ें। उन्होंने कहा कि पेड़ और मनुष्य एक-दूसरे के पूरक हैं। पेड़ों के बिना मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं तथा बदले में हम उन्हें कार्बनडाई ऑक्साइड गैस देते हैं, जो पेड़-पौधे गृहण करते हैं। हम सभी के जीवन में पेड़-पौधों का भी विशेष महत्व है। जल है तो ही हमारा जीवन है। जल का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि नागरिकों के सहयोग के बिना यह अभियान संभव नहीं है। सबको आगे आकर जल संवर्धन एवं संरक्षण हेतु प्रयास करना होगा।

### लगाए जा रहे पौधे

श्री मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि जल संवर्धन एवं संरक्षण अभियान के तहत नगरपालिका द्वारा संपूर्ण नगर के जलस्त्रोतों की व्यवस्थित साफ-सफाई की जा रही है, वहीं पर्यावरण को हरा भरा करने से हमारा पर्यावरण शुद्ध होगा। जिस के लिए पैड पौधे लगाना बहुत जरूरी है। जिस के तहत नगर की पार्वती नदी, काला तालाब, कमल तालाब की पालों पर पौधा रोपण भी किया जा रहा है। साथ ही नगर के संपूर्ण नाला-नालियों की उचित साफ-सफाई की जा रही है। यह अभियान निरंतर 16 जून तक जारी रहेगा जो गंगा दशमी के अवसर पर पूर्ण होकर समाप्त होगा। अभियान के तहत नगर के काला तालाब पर गहरीकरण कार्य किया गया, वहीं कमल तालाब पर साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर पार्षद कालू भट्ट, रवि शर्मा, सुभाष नामदेव, उपयंत्री पी.के. साहू, दरोगा अमरदीप सांगते, पप्पू खरे, प्रहलाद वर्मा, कैलाश बागवान, आशीष बैरागी, विजय मेवाड़ा, फूलसिंह मालवीय, गबू जेसीबी, मनीष किल्लौदिया आदि मौजूद थे।

### विराज घेंघट ने पॉवर लिफ्टिंग में जीता मेडल

**आष्टा।** विराज विजय घेंघट ने राजस्थान में जाकर पॉवर लिफ्टिंग सब जूनियर में नेशनल गोल्ड मेडल जीतकर नगर का नाम रोशन किया है साथ ही अपने परिवार का नाम भी राज्य स्तर पर पहुंचाया है। यह हमारे प्रदेश और आष्टा नगर के लिए गौरव की बात है। इस आशय के विचार नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने राजस्थान में आयोजित राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग सब जूनियर में नेशनल गोल्ड मेडल विजेता रहे विराज विजय घेंघट के स्वागत सम्मान अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। इस अवसर पर विनोद घेंघट, विजय घेंघट, रमेश भामा, कैलाश घेंघट, आशीष बैरागी, गोलू घेंघट, अर्जुन घेंघट सहित बड़ी संख्या में परिवारजन, ईष्टमित्र आदि मौजूद थे।



## रात्रि कालीन लेदर बॉल क्रिकेट राज्य स्तरीय लीग सत्यनारायण कप का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आष्टा नगर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी मैदान पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष राहुल वाल्मीकि एवं देवेंद्र मालवीय द्वारा रात्रि कालीन लेदर बॉल क्रिकेट राज्य स्तरीय एवं आष्टा जिला सीहोर लीग आयोजित की गई जिसका शुभारंभ आज किया गया जिसमें पहला मैच उज्जैन एवं सतवास के बीच खेला गया जिसमें उज्जैन पहले खेलते हुए 198 रन बनाए जिसमें आफताब ने 98 रन एवं प्रखर सिरोलिया 70 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली साथ में तीन विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरा मैच सीहोर और खातेगांव के बीच खेला गया। जिसमें खातेगांव 96 रन ही बना पाई। सीहोर के आदर्श राय 37 रन बनाकर बनाकर एवं एक विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। मैच में मुख्य अतिथि आष्टा थाना प्रभारी रविंद्र यादव, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि राय सिंह सिंह मेवाड़ा रहे। टूर्नामेंट में आयोजन समिति मोहन सिंह मेवाडा, कैलाश घेंघट, कुशल पाल लाल, दीपक पाटीदार, फिरोज अली, अमित बिल्लोरे दोनों मैच के अंपायर जीतू यादव, गोलू परमार, पंकज मालवीय, पवन मेवाड़ा रहे। स्कोरिंग शरद यादव और आयोजन का संचालन राहुल वाल्मीकि द्वारा किया गया।

## सड़कों की नहीं हुई मरम्मत, बारिश में बिगड़ेगी स्थिति





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्राम बमुलिया रायमल में बारिश आते ही बारिश का पानी समस्या बनेगा, क्यों की अब तक सडकों की मरम्मत नहीं हुई है। स्कूलों और आंगनबाड़ी के बच्चों और राहगीरों को भी काफी समस्या आती है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्कुली बच्चों एवं राहगीरों को काफी परेशानी झेलनी पड़ेगी। ग्राम के हरेंद्र सिंह ने बताया कि कजलास और जावर से होकर हाइवे तक जाने वाला मुख्य मार्ग पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। इसी मार्ग पर यहां बमुलिया रायमल में स्कूल व आंगनबाड़ी के सामने बारिश का पानी जमा हो जाता है। इसके कारण स्कूल के बच्चों और राहगीरों को निकलने में काफी परेशानी होती है। कई बार यहां से निकलने वाले राहगीर सडके क्षतिग्रस्त होने के कारण गिर जाते हैं। इसी के साथ ही बच्चों को स्कूल जाने में भी कई तरह की परेशानी होती है। ग्राम बमुलिया रायमल के ग्रामीण दिनेश शर्मा ने बताया कि इसके बारे में कई बार पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को भी अवगत कराया गया है। लेकिन इस और कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है रोड़ के दोनों तरफ अगर नाली बनादी जाए तो समस्या का समाधान हो जाएगा और जब भी इस बारे में पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को फोन लगाया जाता है तो बस पल्ला झाड़ दिया जाता है कि हो जाएगा लेकिन होता नहीं है पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की मनमानी का खामियाजा बच्चों एवं राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

### श्री पार्श्वनाथ दिगंबर, श्री नेमिनाथ जिन मंदिर और श्री चंद्र प्रभु मंदिर में हुए आयोजन

# श्रुत पंचमी पर अभिषेक, शांति धारा कर निकाली शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मंगलवार 11 जून को श्रुत पंचमी महापर्व ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी श्रुत पंचमी महापर्व उपकार दिवस के रूप में भव्य रूप से मनाया गया। नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर, श्री नेमिनाथ जिन मंदिर नेमि नगर साईं कॉलोनी एवं श्री चंद्र प्रभु मंदिर गंज से शोभायात्रा भी ढोल ढमाके के साथ निकाली गई। श्रुत पंचमी महापर्व पूर्ण भक्ति भाव के साथ मनाया गया। नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन किला मंदिर,श्री चन्द्रप्रभु मंदिर नजर गंज, श्री नेमिनाथ जिन मंदिर साईं कॉलोनी में जिनवाणी को वस्त्र में रखकर रजत विमान में विराजमान कर जय -जय, जयकारों के साथ शोभायात्रा निकाली गई। सामूहिक रूप से जिनवाणी की पूजन कर श्रुत पंचमी के महत्व को बताया गया।इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में श्रावक गण एवं माताओं-बहनों ने शोभायात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ लिया। इस दिन जैन परंपरा का प्रथम ग्रंथ षट्खण्डागम को लिपिबद्ध किया गया था, इसके पूर्व ज्ञान को कंठ में रखने की परंपरा थी। श्रुत पंचमी के दिन जैन धर्मावलंबी मंदिरों में प्राकृत, संस्कृत, प्राचीन भाषाओं में हस्तलिखित प्राचीन मूल शास्त्रों को शास्त्र भंडार से बाहर निकालकर, शास्त्र-भंडारों की साफ-सफाई करके, प्राचीनतम शास्त्रों की सुरक्षा की दृष्टि से उन्हें नए वस्त्रों में लपेटकर सुरक्षित किया जाता है तथा इन ग्रंथों को भगवान की वेदी के समीप विराजमान करके उनकी पूजा-अर्चना करते हैं। क्योंकि इसी दिन जैन शास्त्र लिखकर उनकी पूजा की गई थी, उससे पहले जैन ज्ञान मौखिक रूप में आचार्य परंपरा से चल रहा था। उसी परम्परा को आगे बढ़ाते हुए आज पर्व को भव्य रूप से मनाया गया। श्रुत पंचमी को षट्खण्डागम आगम ग्रंथ लिपिबद्ध पूर्ण हुआ था।आचार्य पुष्पदंत और आचार्य भूतबलि ने लिपिबद्ध किया था।धरसेनाचार्यश्री ने श्री नरवाहन मुनिराज और श्री सुबुद्धि मुनिराज को ज्ञानार्जन कराया था।धरसेनाचार्य ने हीनाधिक मात्रा सहित मंत्र दोनों मुनियो को दिये थे ,तब दोनों मुनियों ने मंत्र की शुद्धि करके फिर से सिद्ध कर दिया।श्री पुष्पदन्त और भूतबलि नामकरण ऐसे हुआ।भूतजाति के व्यंतर देवों ने श्री सुबुद्धि मुनिराज के चार दांत ठीक कर दिए तो धरसेनाचार्य ने उनका नाम पुष्पदंत रखा तथा उन्हीं देवों ने श्री नरवाहन मुनिराज की भी पूजा की तो उनका नाम भूतबलि रखा।दोनों मुनिश्री का ज्ञानार्जन आषाढ़ शुक्ल एकादशी तिथि को पूर्ण हुआ और तत्काल विहार करके अंकलेश्वर गुजरात में चौमासा हुआ था।

## दबंगों ने किया अतिक्रमण, वार्डवासियों ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

बारिश से पहले नगर की सफाई अभियान के साथ साथ अलीपुर क्षेत्र मे भी नाले की सफाई नपा द्वारा की जा रही है। लेकिन भेदभावपूर्ण तरीके से नाली की सफाई संपूर्ण कराने को लेकर वार्डवासीयो ने ज्ञापन तहसीलदार पंकज पवैया व नपा अध्यक्ष प्रतिनिधी रायंसिह मेवाड़ा को सौंपा। बताया कि वार्ड 02 में अधिकांश स्थानों की सफाई नही की जा रही है। कुछ लोगों ने नाले पर ही लोहा रेत आदि सामग्री पटक रखी है। जिसे नहीं हटाया जा रहा है। सफाई के नाम पर नगरपालिका इतिश्री कर रही है। कुछ जगह का जानबूझकर छोड़ा जा रहा है। नाले पर रखे कुछ दबंग लोगों के सरिए रेत नही हटाए जा रहे है। यहां तक कि फर्शीयो से लोगो ने नाले पर कब्जा कर रखा है उन्हे भी हटाकर सफाई नही कराई जा रही है। अगर नाला ठीक तरीके से साफ नही किया गया तो आने वाले बारिश के समय मे नाले का पानी सड़को पर आएगा। वार्डवासीयो ने तहसीलदार एवं अध्यक्ष प्रतिनिधी रायंसिह मेवाड़ा से मांग की कि बगैर भेदभाव के सफाई की जाए ताकि आने वाले दिनो मे परेशानी का सामना नही करना पड़े। ज्ञापन देने वालो मे मुख्य रूप से आयुष नामदेव, गुरू मेवाड़ा वीरेंद्र ठाकुर बंटू कछावा ,दीपक नामदेव, धर्मेंद्र जैन, दीपू वर्मा,गौतम वर्मा, जीतेद्र ठाकुर, धर्मेंद्र मेवाड़ा आदि लोगो ने हस्ताक्षर कर तहसीलदार को ज्ञापन सौपा।

प्रतिबंधात्मक दवाई की बिक्री जोरों पर, मुनाफा कमाने के चक्कर में अप्रशिक्षित व्यक्ति चला रहे मेडिकल

# एंट्री ड्रग ऑपरेशन की कार्रवाई में नारकोटिक्स विभाग ने गिरफ्तार किए मेडिकल संचालक सहित अन्य

*नशीले इंजेक्शन दवाईयों से युवाओं का भविष्य अंधकार में, ड्रग अधिकारी की लापरवाही से चल रहा था यह कारोबार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

मध्य प्रदेश शासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधा को लेकर अनेक कानून बनाए हैं उन कानून के तहत जनमानस के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव न हो इसके लिए अनेक प्रकार की दवाई सहित सिरप एवं इंजेक्शन को प्रतिबंधित किया है। प्रतिबंधित दवाई इंजेक्शन सिरप विशेष परिस्थिति में डॉक्टरों की सलाह या किसी बड़े सीजर या वरिष्ठ अधिकारी के आदेश के बाद मेडिकल पर उपलब्ध हो सकती हैं। किंतु इन प्रतिबंधित दवाई का वितरण कोई भी मेडिकल संचालक नहीं कर सकता है अगर इन प्रतिबंधित दवाई की खरीदी बिक्री की जाती है तो वह अपराध की श्रेणी में माना जाएगा।

### मेडिकल स्टोर की जांच के लिए जिला स्तर पर अधिकारी तैनात

शासन द्वारा शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में संचालित मेडिकल स्टोर के लिए कुछ नियम संघरित किए हैं उन्ही नियमों के तहत मेडिकल संचालित हो सकते हैं जिसमें मुख्य रूप से मेडिकल स्टोर का लाइसेंस मेडिकल पर दवाईयों का स्टॉक के साथ डॉक्टर द्वारा लिखे पर्चे अनुसार बेची गई दवाई गोली का बिल का संग्रहण आदि किया जाना आवश्यक है। इसी के साथ ही मेडिकल संचालक की समकक्ष डिग्री होना भी अनिवार्य किया गया है। इन सब बातो का निरीक्षण नियंत्रण करने का अधिकार जिला स्तर पर जिला स्वास्थ अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में ड्रग इंस्पेक्टर सहित संबंधित ब्लॉक के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को निहित हैं, किंतु सारंगपुर में शायद मेडिकल की और देखने वाला कोई नही है। अगर है भी तो उनकी मिली भगत या लापरवाही के कारण ही नगर में नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए मेडिकल संचालित हो रहे हैं। इतना ही नही मेडिकलों पर प्रतिबंध दवाईयों की मेडिकल पर बड़े पैमाने पर खरीदी बिक्री हो रही हैं। प्रतिबंधित नशीली दवाई के सेवन से कई परिवार के बच्चे इसकी चपेट में आ चुके हैं इसके बाबजूद भी यह धंधा खूब फल फूल रहा हैं।




### एंट्री ड्रग ऑपरेशन नारकोटिक्स विभाग की कार्रवाई संचालक सहित अन्य गिरफ्तार

सोमवार को सारंगपुर में नारकोटिक्स विभाग की टीम द्वारा छपामार कार्यवाही करते हुए सिविल अस्पताल सारंगपुर के सामने संचालित महाकाल मेडिकल एजेंसी के संचालक रूपेश पाटीदार व कर्मचारी अंकित पुष्पद को प्रतिबंधित दवाई का व्यापार करते हुए टीम ने दबोचा इससे यह प्रतीत होता है कि ड्रग अधिकारी की लापरवाही या मिली भगत से इंकार नही किया जा सकता है। नगर में ऐसे अनेक मेडिकल स्टोर हैं जो या तो किसी अन्य के नाम से पंजीकृत हैं या उन्होंने विभाग में मेडिकल संचालित करने की कोई सूचना दिए बिना ही मेडिकल खोल रखे हैं।




### बिना पर्चे के दे रहे दवाई

शासन के नियमों को ताक में रखकर कई मेडिकल संचालक खुद डॉक्टर बनकर संबंधित व्यक्ति से बीमारी पूछ कर इलाज के नाम पर मोटी रकम लेकर दवाई गोली दे रहे हैं। उन दवाई गोली का मेडिकल पर कोई हिसाब किताब नही होता हैं।

### जिला स्वास्थ्य अधिकारी को नहीं है जानकारी

सोमवार को सारंगपुर में नारकोटिक्स विभाग के अधिकारियों ने प्रतिबंधित दवाई बेचने के आरोप में मेडिकल संचालक सहित अन्य व्यक्ति पर कार्यवाही की। इस संबंध में हमारे संवाददाता ने जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ किरन वर्डिया से बात की तो उनका कहना था की आपके माध्यम से जानकारी मिली है। मैं अपने ड्रग अधिकारी से चर्चा कर बताती हूं। लेकिन इसके बाद जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने इस संबंध में किसी भी प्रकार की टिप्पणी नहीं की।

### इनका कहना है

मैं लगातार मेडिकल स्टोर्स पर जाकर जांच करता हूं, किंतु ये अचंभित करने वाली बात है। जानकारी मिली है कि सारंगपुर सिविल अस्पताल के सामने संचालित मेडिकल पर नारकोटिक्स विभाग ने कार्यवाही की मुझे इसकी जानकारी नहीं है। एक मेडिकल स्टोर की जानकारी मिली थी। इस पर मेरे द्वारा कार्यवाही की गई हैं मैं भी नारकोटिक्स विभाग से जानकारी लेता हूं।

**दिलीप अग्रवाल,** ड्रग इंस्पेक्टर राजगढ़,

सारंगपुर के मेडिकल एजेंसी पर प्रतिबंधित दवाई की खरीदी बिक्री की सूचना पर छापामार कार्यवाही की गई जिसमें संचालक सहित तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया है।

**मुकेश खत्री,** नारकोटिक्स विभाग उज्जैन

---

मप्र विद्युत वितरण कंपनी पर अनियमितता के आरोप

## न कोई टेंडर न कोई सूचना, आचार संहिता में ही लगा ली किराए पर गाड़ियां

**जिले भर के हाल बेहाल, विभाग के कर्मचारियों के परिजन ही ले रहे हैं कंपनी का ठेका**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

अब उपमहाप्रबंधक के आंखों के नीचे ही विद्युत वितरण कंपनी के कर्मचारी अपनी मनमानी पर उतारू हो गए हैं। इसमें विभाग के आला अफसर भी आंखें मूंदें बैठे हैं। मामला लोकसभा चुनाव की आचार संहिता में कैसे पुरानी गाड़ी को हटाकर विभाग के कर्मचारी के भाई की फोर व्हीलर गाड़ी को अटैच करने का है। कैसे बिना किसी टेंडर किए व पटल पर सूचना लगाए कोई फोर व्हीलर अटैच कर सकता है यह नियमों के विरूद्ध जाकर अपनों को फायदा पहुंचाने जैसा है। यही नहीं विभाग के कर्मचारियों की यदि लिस्ट प्रकाशित की जाए तो चौकाने वाले तथ्य सामने आएंगे, जिसमें अधिकतर ठेकेदार कर्मचारियों के परिजन ही है। इस पर जब उप महाप्रबंधक से बात की कई तो उन्होने गोल मोल जबाव देकर बात खत्म कर दी। उल्लेखनीय है कि थोड़ा लंबा समय जरूर हो गया परंतु बात बताना जरूरी है। पूर्व में भी अनियमितता के चलते इस ब्यावरा डिविजन से विद्युत वितरण कंपनी के तीन अधिकारी को विधायक रामचंद्र दांगी के विरोध के बाद एमडी जबलपुर ने सस्पेंड किया था।

### भैया लानइमैन तो डर काहे का

मप्र विवि कंपनी के हाल यह है कि यहां पर जहां देखों भ्रष्टाचार, लापरवाही और अनियमितता देखने को मिल जाएगी। सूत्रों के हवाले से लाइनमैन रामेश्वर गिरी के भाई गोकुल गिरी को स्कॉरपियों को आचार संहिता में ही विभाग ने अटैच कर लिया गया। इसके लिए सारे नियमों को ताख पर रख दिया गया क्योंकि भैया लाइनमेन जो ठहरे। उल्लेखनीय है कि गोकुल गिरी इसी कंपनी में ठेकेदारी का काम भी वर्षो से करते आ रहे हैं। ऐसा नही की विभाग के परिजनों द्वारा विभाग को चूना लगाने का यह एकलौता मामला हो। हरिभूमि समय समय पर विद्युत वितरण कंपनी के मामले जनता के सामने लाता रहेगा।

### फिटनेस और परमिट के बाद भी हटा दी 3 साल पुरानी गाड़ी

आरोप है कि एसयूव्ही 500 जो कि 3 साल पुरानी थी उसे सिर्फ इसलिए हटा दिया गया की अपने फायदे की गाड़ी को विभाग में लगाना था। विभाग में ठेकेदारी कर रहे गोकुल गिरी को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सारे नियमों को ताख पर रख दिया गया।

### इनका कहना है...

मैं अभी गाड़ी में हूं और नेटवर्क में नहीं हूं। बाद में बात करता हूं।

**प्रहलाद क्षेत्रेय,**
उपमहाप्रबंधक विविकं ब्यावरा

---

## पीड़ित युवक को न्याय दिलाने के लिए एकजुट हुआ जिले का सेन समाज

**पांच दिवस पहले एक युवक से पुलिस एसआई ने की थी मारपीट**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

विगत दिनों जीरापुर थाने में एक युवक को चोरी के संदेह में बुलाकर उससे पूछताछ के नाम पर पुलिस कर्मियों द्वारा मारपीट करके यातना दी गई थी। जब पुलिस को कुछ हाथ नहीं लगा तो उसे घायल ही छोड़ दिया। पुलिस की इस मारपीट और यातना में घायल युवक को पहले जीरापुर अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया बाद में जिला अस्पताल भेजा गया जहां उसे उचित उपचार मिला।

जिला अस्पताल पहुंचे घायल युवक गोविंद पिता मनोहर सेन ने मीडियाकर्मियों को पूरी आपबीती बताई। इसके साथ ही गोविंद के माता-पिता ने पुलिस अधीक्षक को भी एक आवेदन देते हुए अपने पुत्र के साथ हुई अमानवीयता पर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की थी। उक्त संबंध में अभी तक कोई कार्रवाई पुलिस अधीक्षक, न एसडीओपी न ही थाना स्तर से संबंधित दोषियों पर हो पाई है।

### कार्रवाई नहीं हुई तो सेन समाज आया सामने

ऐसे में दोषियों पर कार्रवाई की मांग को लेकर अब घायल युवक को नाई सेन समाज मंगलवार को सामने आया। समाज के अनेकों लोग पहली खिलचीपुर नाके पर एकत्रित हुए और यहां से नारेबाजी करते हुए पहले एसपी कार्यालय एवं बाद में कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। दोनों कार्यालयों में गोविंद सेन के साथ मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने हेतु आवेदन दिया गया।

---

एसडीएम कार्यालय में हुई बैठक

## सावन में बड़ा महादेव मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं को न हो कोई असुविधा, अलर्ट मोड पर प्रशासन

**एसडीएम ने जन सहयोग से बड़ा महादेव मंदिर पर निर्माण कार्य किए जाने की कही बात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

बड़ा महादेव मंदिर पर जन सहयोग से मंदिर के निर्माण कार्य के लिए मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में अंशुमन राज द्वारा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में मंदिर को वृहद स्वरूप देने के लिए एसडीएम ने मंदिर पुजारी अजय शर्मा, मंदिर पर सेवा कार्य करने वाली बाबा बैजनाथ सेना,जमात मंदिर महंत जितेंद्र दास ,अखंड रामचरित मानस पाठ समिति एवं पत्रकारों से चर्चा की एवं अगले महीने आने वाले सावन सोमवारों को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने विशेष दिशा निर्देश भी दिए। जिसमें बड़ी समस्या रही



मंदिर की एंट्री व निकासी गेटों को बड़ा किया जाना,नगाड़ खाने के समीप टिन शेड एवं पेवर्स लगवाना एवं पार्वती मंदिर के पास पेवर्स लगाने के आदेश आज नरसिंहगढ एसडीएम द्वारा पीडब्ल्यूडी के इंजीनियर को दिया गया। सावन मेले में बड़ी तादाद में श्रद्धालु बड़ा महादेव मंदिर दर्शन करने पहुंचते हैं जिसको लेकर प्रशासन अभी से तैयारी में जुट गया है बैठक में एसडीएम ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा की एक बड़ी बैठक का आयोजन भी इसके उपरांत रखा जाएगा जिससे मंदिर में होने वाले विकास कार्यों को और गति प्रदान की जा सके बैठक में विधायक से लेकर जनप्रतिनिधि नगर के व्यापारी और गण्यमान्य नागरिक भी बुलाया जाएगा।

### इनका कहना है

एक बड़ी बैठक का आयोजन भी इसके उपरांत रखा जाएगा, जिससे मंदिर में होने वाले विकास कार्यों को और गति प्रदान की जा सके। बैठक में विधायक से लेकर जनप्रतिनिधि नगर के व्यापारी और गण्यमान्य नागरिक भी बुलाया जाएगा।

**अंशुमन राज,** अनुविभागीय अधिकारी नरसिंहगढ़

---

## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जेठड़ा में बोल्डर बंधान का कार्य किया

*शुजालपुर। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत बुधवार को जनपद शुजालपुर के ग्राम पंचायत जेठड़ा में बोल्डर बंधान का कार्य जन सहयोग से किया गया। ग्राम पंचायत सरपंच मनोज वर्मा ने बताया की इससे आसपास का जल स्तर बढ़ेगा।*



---

## पर्यावरण संरक्षण व प्रदूषण की रोकथाम के लिए ज्ञापन

**ब्यावरा।** पर्यावरण प्रदूषण की समस्या भारत ही नहीं पूरे विश्व में एक गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रदूषण के कारण मनुष्य को कई प्रकार की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। वर्तमान में पेड़ों की कटाई काफी बढ़ गई है, पर उसकी तुलना में वृक्षारोपण कम हो रहा है। इस कारण वातावरण का तापमान पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष बढ़ गया, इससे कई प्रकार की समस्याएं आईं।

सही प्रकार से जल संरक्षण न हो पाने के कारण भूगर्भीय जलस्तर नीचे जाने लगा है इससे कई स्थानों पर पानी की समस्या बढ़ने लगी है। जिसको लेकर भारतीय मजदूर संघ ने ज्ञापन के माध्यम से वायु, जल,एवं ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम के लिए ज्ञापन दिया। अपने ज्ञापन के माध्यम से भारतीय



मजदूर संघ ने आह्वान किया कि सभी प्रमुख शहरों के प्रमुख स्थलों पर प्रदूषण का स्तर दर्शाने वाले इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड लगाने के साथ-साथ नदी नालों के पानी को प्रदूषित होने से बचाने हेतु उचित उपाय किए जाएं। साथ ही अनावश्यक पेड़ों की कटाई पर रोक लगाई जाए और वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

---

## रिश्वतखोर पटवारी को एसडीएम ने तत्काल प्रभाव से किया सस्पेंड

**राजगढ़।** जमीन के सीमांकन के एवज में खुजनेर तहसील के ग्रामीण से 25 हजार रुपयों की रिश्वत लेने वाले पटवारी सह प्रभारी राजस्व निरीक्षक राजेश खरे को सोमवार दोपहर लोकायुक्त पुलिस ने 16 हजार रुपए लेते रंगेहाथों गिरफ्तार किया था। उक्त पटवारी खरे पर लोकायुक्त ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए आगामी कार्रवाई जारी रखने की बात कही थी। इसके उपरान्त अब स्थानीय प्रषासन ने भी पटवारी खरे को मप्र सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील नियम के तहत दोषी पाया है। राजगढ़ अनुविभागीय अधिकारी ने पटवारी राजेश खरे को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। इसके साथ ही खरे का मुख्यालय नायब तहसीलदार कालीपीठ नियत किया गया है। निलंबित कर्मचारी को शासन के नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

---

## नपाध्यक्ष पालीवाल ने वर्षा ऋतु पूर्व नगर के बड़े नाले नालियों व जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण किया



**सारंगपुर।** अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सारंगपुर पंकज पालीवाल के आदेशानुसार वर्षा ऋतु पूर्व नगर में बड़े-बड़े नाले नालिया एवं जल भराव क्षेत्र में सतत अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत सीएमओ एलएस डोडिया के निर्देशन एवं अध्यक्ष पंकज पालीवाल द्वारा नगरीय क्षेत्र सारंगपुर के समस्त बड़े बड़े नालो एवं नालियों व जल भराव वाले इलाकों का निरीक्षण किया गया एवं उक्त क्षेत्र में जेसीबी मशीन व कर्मचारियों द्वारा साफ सफाई कराने के निर्देश दिए गए जिससे कि वर्षा का पानी आसानी से नगर से बाहर निकल सके एवं कही भी वार्ड मोहल्लो में जल भराव की स्थिति निर्मित न हो इस स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जेसीबी मशीन से नालो नालियों की सफाई कराने संबंधित को निर्देशित किया गया। उक्त निरीक्षण में पार्षदगण बाबूलाल अहिरवार गोपाल पाल अमित गिरजे सहित स्वच्छता प्रभारी सतीश कण्डारे गोकुल पुष्पद जितेंद्र भेरवे तरुण दावरे मनीष गिरजे सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

---

मेवाड़े समाज की बालिकाओं के लिए हर संभव सहायता की कही बात

## माता-पिता का साया सिर से उठने के बाद अब आगे आईं सेवाभावी महिलाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

शहर के तिलक मार्ग निवासी स्वर्गीय हरिशंकर मेवाड़े का कई साल पहले निधन हो गया था। पति की मृत्यु उपरान्त उनकी पत्नी धापूबाई मेवाड़े अपनी दोनों पुत्रियों का पालन-पोषण, षिक्षा आदि के लिए दिन-रात मेहनत, मजदूरी कर रही थी। इसी बीच धापूबाई भी कैंसर बीमारी से पीड़ति हो गईं और उपचार के दौरान एक पखवाड़े पहले उनका निधन हो गया। हरिशंकर एवं श्रीमती धापूबाई की पुत्रियों को समाजजनों ने तो सभी तरह की सहायता दी है लेकिन अब नगर की अन्य समाजसेवी महिलाएं भी दोनों बेटियों की मदद के लिए आगे आई हैं। समाजसेवी जया जायसवाल मंगलवार को दोनों बेटियों से मिलने उनकी घर पहुंची। घर पहुंचकर उनके रिष्तेदार प्रकाष मेवाड़े से पूछा गया कि शासन की किस योजना का लाभ दोनों बेटियों को दिलवाया जा सकता है। ऐसे में प्रकाष ने घर में रखे कागजातों को देखा जिसमें संबल योजना का जीवित पंजीयन मिला है। समाजसेवी महिलाओं ने अब कलेक्टर राजगढ़ से संबल योजना का त्वरित लाभ बेटियों को दिलवाने की मांग की है।

### नर्सिंग करना चाहती है बड़ी पुत्री

मृतकों की बड़ी बेटी कक्षा बारहवीं की पढ़ाई अच्छे अंकों से उत्तीर्ण कर चुकी है। उसकी मंशा है कि आगे वह नर्सिंग कर सके। नर्सिंग कोर्स में सहायता के लिए नगर के कुछ समाजसेवियों ने भी अपने स्तर से सहायता उपलब्ध करवाने की बात कही है। पहले प्रषासन से मांग की गई कि संबल योजना के तहत मिलने वाले सहायता बालिकाओं को जल्द से जल्द दिलवाई जाए ताकि बड़ी बेटी का एडमीषन नर्सिंग कॉलेज में हो सके।

---

## तालाब सुदृढ़ीकरण कार्य का भूमि पूजन किया



**जीरापुर।** जनपद पंचायत अंतर्गत समीपवर्ती ग्राम पंचायत खेजड़िया में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तालाब सुदृढ़ीकरण एवं गहरीकरण कार्य का भुमि पुजन आयोजित हुआ। जहां पर जिला पंचायत सीईओ महिब कुमार तेजस्वी, विधायक हजारीलाल दांगी ने गेंदी चलाकर नो लाख नब्बे हजार रुपए कि लागत से तालाब सुदृढ़ीकरण कार्य का भुमि पुजन किया गया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि दुर्गेश पाटीदार ने सभी अतिथियों को साफा माला पहनाकर स्वागत किया तथा पंचायत में अन्य कामों को करवाने की बात रखी। जहां पर प्रमुख रूप से सरपंच सावित्री बाई पाटीदार,नपाध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा, हनुमान पाटीदार , बहादुर सिंह, जगदीश दांगी,सब इंजीनियर सहित ग्रामीण जन मोजूद थे। इस दौरान पौधरोपण भी किया गया तथा कहा कि पेड़ की रक्षा करना सभी का काम है शुद्ध वातावरण पेड़ पौधे से रहता है।